एक नजर में

अशोक भंडारी का 65 वर्ष की आयु में निधन

पचोर 15 जनवरी, सं. अग्रवाल

मैरिज गार्डन के संचालक पूर्व पार्षद महेश भंडारी काका के बड़े भ्राता एवं विशाल भंडारी, सागर गोलू भंडारी ठेकेदार के पिता अशोक भंडारी रेडीमेड व्यवसाई का 65 वर्ष की आयु में विगत दिवस को निधन हो गया .श्री भंडारी सहज, सरल एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे . उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको, व्यापारियों, स्वजाति बन्धुओं, जनप्रतिनिधियो ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि उनके पुत्र विशाल भंडारी, सागर गोलू भंडारी एवं परिजनों ने दी .

ब्लड कैंसर पीड़ित को कलेक्टर ने की मदद

राजगढ़ 15 जनवरी, का. मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ब्लड कैंसर से पीड़ित 16 वर्षीय किशोर कीर्तन सिंह राठौर को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि उसके जीवनरक्षक उपचार की संपूर्ण व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की .

आईटीआई में ओपन प्लेसमेंट ड्राइव

राजगढ़ 15 जनवरी, का. प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि 16 और 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोहपर 3 बजे तक एलएण्डटी कंपनी स्किल ट्रेनिंग कंपनी द्वारा ओपन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन शासकीय आईटीआई राजगढ़ में किया जाएगा . जिसमें 18 वर्ष से 35 वर्ष के केवल पुरुष आवेदक जिनकी योग्यता 10वी और 12वी हैं, वे 16 जनवरी को तथा जिनकी योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण है, वे 17 जनवरी को शासकीय आईटीआई राजगढ़ ओपन प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित हो सकते है .

पानी का सैंपल लेकर की गई टेस्टिंग

राजगढ़ 15 जनवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के मार्गदर्शन में नगर परिषद अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 9 का पानी का सैंपल लेकर पानी की जांच की गई . साथ ही आवाज स्थित टंकी नंबर दो की सफाई, स्ट्रॉर टेक बाबुल पुताई एवं आसपास के लीकेज ठीक किए गए . इस दौरान कार्यालय उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, जल शाखा प्रभारी सुनिल नागर, बापू चौरसिया उपस्थित रहे .

ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

राजगढ़ 15 जनवरी, का. कलेक्टमर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन आइडियल कॉन्वेंट स्कूल, ब्यावरा में किया गया . प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की . खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया . आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा .

अभियान अंतर्गत दी जानकारी

राजगढ़ 15 जनवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन नगर परिषद बोड़ा के वार्ड क्रमांक 01 नयापुरा में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई . अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन तक योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है . वार्डवासियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी .

सजे मांडने-रंगोली, गीता का संदेश गूंजेगा हिन्दू सम्मेलन में

राजगढ़ स्टेडियम में आज विराट हिन्दू सम्मेलन, निजी स्कूलों ने अवकाश घोषित किया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 15 जनवरी, का. सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के स्टेडियम प्रांगण में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है . सम्मेलन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है . महामंडलेश्वर श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज द्वारा सत्संग, गीता के संदेश और हिन्दू एकता का सशक्त आह्वान किया जाएगा . आयोजन को सफल बनाने बैठकों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए . नगर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन, ध्वजारोहण एवं प्रभात फेरियाँ निकाली गईं . महिलाओं द्वारा मांडना, रंगोली, दीवार लेखन एवं पारंपरिक सजावट कर सनातन संस्कृति को जीवंत रूप दिया गया .

एक माह से निकाली जा रही प्रभात फेरियाँ- हिन्दू सम्मेलन के प्रति जन-जागरूकता एवं धर्म प्रचार के उद्देश्य से पिछले एक माह से नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं बस्तियों में प्रभात फेरियाँ निकाली जा रही हैं . इन फेरियों में भजन-कीर्तन, चलित झांकियाँ एवं नृत्य-सत्संग के माध्यम से लोगों को जोड़ने का कार्य किया गया . विराट हिन्दू सम्मेलन के पूर्व खिलचीपुर नाके के पर भारत माता की प्रतिमा पर नगर के समस्त सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया . नगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन के कारण ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होने एवं भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा के मद्देनज़र प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शुक्रवार को सभी निजी स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है . एसोसिएशन अध्यक्ष तेजेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उक्त निर्णय एहतियातन लिया गया है .

जीएसटी विभाग को लगाया दो करोड़ का चूना

पचोर के गल्ला व्यापारी का कारनामा, जीएसटी ने की छापामार कार्रवाई

चूना लगाने वाले पचोर के व्यापारी की दुकान, मकान सील

व्यापारी ने माल बेचकर टैक्स कैश कर फर्जी इंट्री डालकर टैक्स भरना बताया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जनवरी,का. पचोर के एक मंडी व्यापारी ने जीएसटी विभाग को दो करोड़ का चूना लगा दिया. जीएसटी विभाग द्वारा उक्त व्यापारी के यहां छापामार कार्रवाई करते हुए बुधवार को दुकान सील की थी. गुरूवार को जब जांच पड़ताल करने पुनः टीम पहुंची तो व्यापारी परिवार सहित लापता हो गया. मजबूरी में जीएसटी टीम ने उसके घर को भी सील कर आवश्यक कार्रवाई तेज कर दी है.

उल्लेखनीय है कि पचोर के मंडी व्यापारी आनंद माहेश्वरी ने अपनी दो फर्म श्री देव ट्रेडर्स और केशव ट्रेडर्स के माध्यम से जीएसटी विभाग की आंखों में धूल झोकते हुए रिर्टन भरते समय ऑन लाइन डेटा इंट्री में बदमाशी कर यह कारनामा किया. व्यापारी ने पचोर मंडी में सोयाबीन, गेंहू आदि अनाज की खरीदी कर टैक्स जमा करने के दौरान विभाग को पोर्टल पर गुमराह कर करीब दो करोड़ का चूना लगा दिया.

व्यापारी द्वारा किये जा रहे फर्जीवाड़े की भनक विभाग को लग तो रही थी लेकिन विभाग पूरी तरह इससे अवगत नहीं हो पाया. विभाग ने इस संबंध में आशंका जताते हुए संबंधित व्यापारी को कई बार नोटिस जारी करते हुए उसे नोटिस का जवाब देने को कहा लेकिन वह हर बार टालता रहा.

मामला बड़ने पर जब जीएसटी विभाग की इन्वेस्टिकेशन शाखा की नजर में आया तो उन्होंने इस मामले की गहराई में जाकर पता लगाया. व्यापारी द्वारा बारंबार लापरवाही बरतने से नाराज होने पर विभाग के मुख्यालय इंदौर के निर्देश पर जीएसटी विभाग के जिला अधिकारी डीएस सोलंकी ने पूरी टीम के साथ बुधवार को व्यापारी की दुकान पर छापा मार कार्रवाई की.

जिला जीएसटी अधिकारी डीएस सोलंकी के नेतृत्व में पहुंची विभाग की टीम में उनके सहयोगी सचिन भिलवारे, सुरेश डॉमोर आदि दर्जनभर से अधिक अधिकारी, कर्मचारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे. आज उक्त टीम ने व्यापारी के प्रेस कॉलोनी स्थित मकान पर पहुंचकर उसे भी सील कर दिया.

कल दुकान आज मकान सील किया

सरकार को टैक्स का चूना लगाने वाले व्यापारी आनंद माहेश्वरी ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों को बुधवार को कहा था कि अगर उसने टैक्स चोरी की है तो वह इसको जमा करेगा . आज जब अगली कार्रवाई के लिये टीम पुनः पचोर पहुंची तो पता चला कि आनंद माहेश्वरी परिवार सहित लापता हो गया है . विभागीय टीम ने गुरूवार को उसके मकान को भी सील कर दिया है . टीम वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई करेगी . इसके तहत उसके तमाम दस्तावेज, बैंक खाते आदि देखने के बाद जीएसटी, इंकम टैक्स आदि अन्य टैक्सों की चोरी का खुलास किया जायेगा .

और भी मामले हो सकते हैं जिले में...

पचोर के जिस व्यापारी द्वारा टैक्स चोरी करते हुए जिस प्रकार पोर्टल पर आंकड़ों में छेड़खानी की गई है वह जिले के अन्य स्थानों पर भी हो सकती है. इसकी आशंका जताते हुए जीएसटी अधिकारियों ने बारीकि से नजर रखने की बात कही है.

गौरतल है कि सोयाबीन अथवा जो भी अनाज खरीदा जाता है वह व्यापारी बिना टैक्स दिये किसानों से खरीदता है. लेकिन कुछ व्यापारी जब वह माल प्लांट को बेचते है तो उस पर टैक्स लगाकर प्लांट मालिकों से तो टैक्स ले लेता है और खुद चोरी कर लेता है. जैसा कि इस मामले में हुआ है.

पिछले एक डेढ़ वर्ष से संबंधित व्यापारी को हमारे द्वारा विभागीय रूप से कई बार नोटिस दिये गये थे . उसके द्वारा लगातार नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था . वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए हमने यह कार्रवाई की . आगे नियमानुसार जो भी कार्रवाई होगी वह की जावेगी .

डी एस सोलंकी
जिला जीएसटी अधिकारी, राजगढ़

रिटर्न भरने में बदमाशी कर टैक्स को कैश में बदल लिया

व्यापारी ने बदमाशी करते हुए जीएसटी के टैक्स को कैश में बदल लिया और टैक्स जमा नहीं किया . यह संभावना है कि संबंधित व्यापारी ने मंडी में आये किसानों से खरीदे गये माल को प्लांट आदि में बेचकर अपनी जो सेल हुई होगी उसका डेटा विभाग के पोर्टल पर जीएसटी आर 1 में डाल दिया होगा . इसके बाद जब रिर्टन भरते समय 3 बी में आईटीसी भरने का समय आया होगा तब उसने 3 बी के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा करते हुए उसमें पूर्व से आईटीसी होने का आंकड़ा डाल दिया होगा .

माना जा रहा है कि इसी फर्जी आंकड़े के माध्यम से उसने आईटीसी अधिक बताकर उसी आईटीसी से टैक्स जमा कर दिया और जो प्लांट अथवा जिस व्यापारी से टैक्स लिया उसे कैश कर लिया .

उदाहरण के लिये अगर व्यापारी ने 10 लाख की सोयाबीन अगर किसी व्यापारी अथवा प्लांट को बेची तो उसने पांच प्रतिशत टैक्स के मान से 10 लाख 50 हजार का टैक्स देकर पैमेंट अपने खाते में 10 लाख 50 हजार प्राप्त कर लिये . लेकिन जब रिर्टन 3 बी में टैक्स जमा करने का मौका आया तो उसने 50 हजार का टैक्स फर्जी आईटीसी से जमा करना बताकर इधर तो 50 हजार की टैक्स चोरी कर ली और उधर उस 50 हजार को कैश कर लिये .

प्राचीन धार्मिक स्थलों पर पहुंचे राज्यमंत्री पंवार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/सुठालिया 15 जनवरी, सं. मकर सक्रांति पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार क्षेत्र के विभिन्न प्राचीन धार्मिक स्थलों पर पहुंचे तथा आमजन, कार्यकर्ताओं से चर्चा की.

राज्यमंत्री श्री पंवार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जनसंवाद, धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का संदेश दिया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद कर, विकास कार्यों की स्वीकृति तथा धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की. सुठालिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया. उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं तथा सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करती है.

उन्होंने विधायक निधि से कुल 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की, जिससे बूढ़ा महादेव मंदिर एवं सरस्वती स्कूल में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे. श्री पंवार घोघराघाट में आयोजित पारंपरिक वार्षिक मेले में शामिल हुए.

भगवान महादेव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. राज्य मंत्री श्री पंवार ने मलावर क्षेत्र के प्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए. यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

भागवत कथा आज से

ब्यावरा 15 जनवरी, का. सुठालिया रोड स्थित ग्राम गिंदोरहाट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर धाम पर आज से श्रीमदभागवत कथा का भव्य आयोजन होगा. आज प्रातः 10 बजे कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा. कथा पं. प्रमोद नागर ब्यावरा के द्वारा की जाएगी. 16 से 22 जनवरी तक चलने वाली कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी. कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के द्वारा किया जा रहा है.

नपा ने पशु भस्मक मशीन लगाने का प्रस्ताव भेजा

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 15 जनवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ द्वारा गोवंश सहित अन्य पशुओं के अंतिम संस्कार और नगर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.

मृत पशुओं के वैज्ञानिक और सुरक्षित दाह संस्कार के लिए नगर पालिका ने आधुनिक पशु भस्मक मशीन स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है .साथ ही मशीन स्थापित होने के बाद मृत गोवंश या अन्य पशुओं का विधिवत और मर्यादित दाह संस्कार संभव हो सकेगा, जिससे न केवल स्वच्छता बनी रहेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और रोगों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी. शासन से स्वीकृति मिलते ही मशीन स्थापना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने हुई प्रतियोगिता

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत हुई प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने उत्साह से लिया भाग

नवभारत न्यूज

ब्याावरा 15 जनवरी, का. खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय व्हॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय आईडियल कॉन्वेंट स्कूल में किया गया. विभिन्न टीमों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं खेल क्लबों की टीमों ने सहभागिता की. खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. बालक वर्ग में आईडियल कॉन्वेंट स्कूल, आर.के. एकेडमी, भिलवाड़िया एवं विवेकानंद एकेडमिक की टीमों ने भाग लिया. बालिका वर्ग में चयन प्रक्रिया के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन किया गया. प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना रहा. इस अवसर पर आईडियल कॉन्वेंट स्कूल के संचालक जफर सैफी, वरिष्ठ पीटीआई मुकेश शर्मा, सचिन शर्मा, देवेंद्र सक्सेना, राजकुमार प्रजापति, नंदिनी चौहान सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे. अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.

पेयजल लाइनों में लीकेज तलाशने में जुटा नपा का अमला

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जनवरी, का. इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतो की घटना के बाद भी नगर में कुछ जगह काफी दूषित पानी आने का सिलसिला जारी रहने से नपा के लिए यह सिरदर्द बना हुआ है. बुधवार एवं गुरुवार को राजगढ़ रोड क्षेत्र में अत्यधिक दूषित पानी नलों से आया जो चिंता का विषय है. नपा का अमला पेयजल लाइनों में लीकेज तलाशने में जुट गया है, किंतु अभी भी दूषित पानी आने का क्रम थमा नहीं है.

विदित है कि नगर में राजगढ़ रोड क्षेत्र सहित कुछ अन्य जगहों पर भी पेयजल सप्लाई के समय नलों से काफी दूषित मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आ रहा है. कई माह इसको हो गया है, नागरिकों द्वारा कई बार नपा के जिम्मेदारों को इससे अवगत कराने के बाद भी हालात नहीं सुधरे. इसी बीच इंदौर में दूषित पानी पीने से कुछ लोगों की मौत होने की घटना ने इसको लेकर कहीं अधिक चिंतित कर दिया है.

कई जगह लाइन लीकेज, फिर भी आ रहा गंदा पानी

नपा के अमले द्वारा राजगढ़ रोड पर कॉलेज के सामने पंचशील कॉलानी में दो जगह पाइप लाइन ओपन की जहां लाइन में फूटी मिली. गुरुवार की सुबह राजगढ़ रोड पर कोली मोहल्ला की ओर जाने वाले रास्ते के यहां लाइन ओपन की जहां भी लीकेज मिला. नपा का कहना है कि यहां जो लीकेज मिला है उसी से गंदा पानी नलों में पहुंच रहा था.

राजगढ़ रोड पर लाइन में लीकेज मिला है जिसे दुरस्त करने के बाद पेयजल सप्लाई के समय गंदा पानी आने की समस्या समाप्त हो सकेगी. शुद्ध पेयजल की सप्लाई हेतु नपा पूरी गंभीरता के साथ प्रयासरत् है .

इकरार अहमद
मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा

नपा का कहना लीकेज को तलाश लिया

गुरुवार को राजगढ़ रोड पर लाइन में लीकेज को लेकर नपा का कहना है कि जिस कारण से नलो में गंदा पानी आ रहा था वह लीकेज ढूंढ निकाला है, अब पेयजल सप्लाई के दौरान ही यह पता चल पाएगा कि गंदा पानी आने का सिलसिला क्या थम जाएगा .

उपलब्धियां **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत खिलचीपुर में दो वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां**

7 सौ हेक्टेयर सींची, 109 निजी किसानों ने 5 हजार पौधे लगाए

नवभारत न्यूज

राजगढ़/ खिलचीपुर 15 जनवरी, का. खिलचीपुर विकासखंड के ग्राम भूमरियापपड़ेल क्षेत्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वॉटरशेड विकास) के अंतर्गत विगत दो वित्तीय वर्षों 2023-24 एवं 2024-25 में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है.

योजना के अंतर्गत क्षेत्र में 15 अमृत सरोवर, 10 तालाब एवं 9 चेकडैम का निर्माण किया गया है. इसके अतिरिक्त 14 हेक्टेयर क्षेत्र में कंटूर ट्रेंचेज तथा 24 गैबियन संरचनाओं का निर्माण कर जल संरक्षण को सशक्त बनाया गया है. इन प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों के परिणामस्वरूप 787 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षात्मक सिंचाई सुविधा उपलब्ध हुई है, जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है. साथ ही क्षेत्र के भूजल स्तर में लगभग 0.6 मीटर की वृद्धि परिलक्षित हुई है, जो जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. योजना के उत्पादकता मद के अंतर्गत 109 कृषकों की निजी भूमि पर लगभग 5450 पौधों का रोपण किया गया है.

मियावाकी पद्धति से फलदार पौधे लगाए

खिलचीपुर जनपद की ग्राम पंचायत खाजला, खाजेली एवं रामपुरिया में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण किया गया है. इसके साथ ही ग्राम पंचायत भूमरिया एवं बरखेड़ा में 3-3 हेक्टेयर क्षेत्र में फलदार वृक्षारोपण कर कृषकों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं. आजीविका संवर्धन के लिए राष्ट्रीय आजीविका मिशन के सहयोग से भूमरियापपड़ेल क्षेत्र के 7 स्वयं सहायता समूहों को 56 लाख रुपये का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया, साथ ही 28 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है. इसके अतिरिक्त 8 स्वयं सहायता समूहों को वृहद आजीविका गतिविधियों के लिए 104 लाख रुपये का रिवॉल्विंग फंड भी उपलब्ध कराया गया है इन समग्र प्रयासों से क्षेत्र में जल संरक्षण, कृषि उत्पादकता, हरित आवरण तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिली है, जिससे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उद्देश्यों की सफल पूर्ति होती दिखाई दे रही है.